>

Title: Need to check pollution in Singrauli in Madhya Pradesh.

श्रीमती रीती पाठक (सीधी): मेरे संसदीय क्षेत्र सीधी (मध्य प्रदेश) अन्तर्गत औद्योगिक केन्द्र जिला सिंगरौली है जहां सर्वाधिक मात्रा में कोयला व विद्युत का उत्पादन होता है। एनसीएल, एनटीपीसी, हिडनलको, रिलायन्स, एस्सार जैसी बड़ी कम्पनियां कार्यरत हैं पर सिंगरौली के लोगों का प्रदूषण के कारण खुली हवा में सांस ले पाना मुश्किल है।

मैं बताना चाहती हूँ कि मेरे द्वारा 16वीं लोक सभा में यह विषय सदन में उठाने के साथ साथ प्रदूषण नियंत्रण के लिए अत्यन्त प्रयास किया गया था परन्तु स्थिति और भी बदतर होती जा रही है। सिंगरौली जिले में बलियरी व गोंदवाली सहित कई ऐसे स्थान हैं जहां से आस-पास 15 किलोमीटर के दायरे में धूल उड़कर जाती है और शुद्ध पेयजल भी उपलब्ध नहीं हो पाता। यह आम जनमानस के लिये अत्यंत दुखद है।

अतः मेरा माननीय मंत्री जी से अनुरोध है कि एक विशेष टीम गठित कर सिंगरौली में प्रदूषण की गंभीरता से निगरानी करायी जाए तथा निर्धारित मानकों का पालन न करने पर संबंधित जिम्मेदारों पर कार्यवाही की जाए। फलस्वरूप वहां के आम जनमानस को अपने निवास और जिले में शुद्ध हवा व पानी प्राप्त हो सके।